- बिहार-झारखंड संस्करण
- वर्ष: 5
- अंक: 159
- मूल्य ₹ 2.00
- पृष्ठ 06
- Reg: UDYAM-BR-17-0007168

# दैनिक बिहार पत्रिका

सच के साथ

पटना। मंगलवार,12 नवंबर 2024 | सम्पादक: कृष्णा टेकड़ीवाल | web_dainikbiharpatrika.com | Email_ dainikbiharpatrika@gmail.com


## 'बटेंगे तो कटेंगे' ये बोलना साधु का काम नहीं: मल्लिकार्जुन खरगे

दैनिक बिहार पत्रिका/पलामू

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को छतरपुर उच्च विद्यालय के मैदान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी के 'एक हैं तो सेफ हैं' और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे', नारे की आलोचना की। खरगे ने कहा कि ये खुद काट रहे, खुद बांट रहे हैं। दोनों पहले तय कर लें कि नारा कौन सा चलेगा। योगी का नाम लिए बिना झारखंड के छतरपुर (पलामू) की रैली में कहा, 'वे कहते हैं बटेंगे तो कटेंगे' ये बोलना साधु का काम नहीं है। ये कोई आतंकी बोल सकता है, आप नहीं बोल सकते। कोई नाथ संप्रदाय का साधु ऐसी बात कर ही नहीं



सकता। हम डरेंगे तो मरेंगे, हम डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि झारखंड के चुनाव में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरम कांग्रेस के लोगों को डराते चल रहे हैं लेकिन कांग्रेस के सिपाही देश के लिए जान दे सकते हैं तो इनके डराने से डरने वाला नहीं है। चुनाव में मोदी गठबंधन के नेताओं के यहां ईडी को भेज कर गलत आरोप लगवा रहे हैं लेकिन जनता इस बार जवाब देगी। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर उर्फ चुनु राम को जिताने के अपील की|कांग्रेस के प्रभारी गुलाब अहमद मीर ने भी सभा को संबोधित करते हुए गठबंधन के उम्मीदवार को वोट देकर जीतने की अपील की। छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राधा कृष्ण किशोर उर्फ चुन्नू राम ने कहा कि भाजपा के नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा कभी जपला को जिला बनाने के लिए कहते हैं और कभी छतरपुर को जिला बनाने के लिए कहते हैं। इनका सिद्धांत और नीति सही नहीं है। उन्होंने लोगों से वोट देने की अपील की। इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव संविधान सभा प्रभारी बीके हरिप्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, आनंद शंकर, कांग्रेस नेता प्रणव झा, पलामू जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश सिंह, छतरपुर नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष मोहन जायसवाल,झामुमो के मेदिनीनगर नगर अध्यक्ष रंजीत रंजीत जायसवाल उर्फ फंटूश,युवा नेता ओबीसी के जिला अध्यक्ष धनंजय यादव, छतरपुर कांग्रेस के नगर मंत्री मुस्ताक आलम उर्फ आलम, सहित सैकड़ो इंडिया गंठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संजीव खन्ना देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश बने



नई दिल्ली, एजेंसी

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने सोमवार को भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति खन्ना को पद की शपथ दिलाई। उन्होंने ईश्वर के नाम पर अंग्रेजी में शपथ ली। 14 मई, 1960 को जन्मे न्यायमूर्ति खन्ना छह महीने से कुछ अधिक समय तक भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में कार्य करेंगे और 13 मई, 2025 को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उन्होंने न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ का स्थान लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री और न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के अलावा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व मुख्य न्यायाधीश जेएस खेहर मौजूद थे।

## NCP नेता बाबा सिद्धकी को शूट करने वाला गिरफ्तार



दैनिक बिहार पत्रिका। पटना

NCP नेता बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.गोली मारने वाले शूटर शिव कुमार और उनको शरण देने वाले को को यूपी के बहराइच से गिरफ्तार किया गया है|यूपी एसटीएफ और मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम को जानकारी मिली थी कि बाबा सिद्दीकी को गोली मारने वाला मुख्य शूटर शिवकुमार बहराइच में है और नेपाल भागने की तैयारी कर रहा। जिसके बाद यूपी एसटीएफ और मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर शूटर को धर दबोचा। पुलिस ने शूटर को मदद करने वाले अनुराग कश्यप, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, आकाश श्रीवास्तव और अखिलेषेंद्र प्रताप सिंह को भी अरेस्ट किया है। बताते चलें कि 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा में पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्याकांड की जिम्मेवारी ली थी।

## संक्षिप्त खबर

### वीसी बनाने का निर्णय स्वागतयोग्य : प्रमिल

**पटना।** उप्रतारा न्यास उपाध्यक्ष सह जदयू नेता प्रमिल मिश्रा ने बीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष शिशिर सिन्हा को बिहार खेल विवि, राजगीर का वीसी बनाने के राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत किया। कहा कि शिशिर सिन्हा ने कई महत्वपूर्ण पदों पर सफलतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन किया है। उनकी स्वच्छ व बेदाग छवि रही है। उनके प्रयासों से बीपीएससी में पारदर्शिता और निष्पक्षता आई। उनके खेल विवि के वीसी बनने से खेल की सुविधाएं विकसित होंगी।

### बांटने की राजनीति करता है विपक्ष : जयराम

**पटना।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता जयराम विप्लव ने आरोप लगाया है कि विपक्षी गठबंधन बांटने और काटने की राजनीति करता है। सोमवार को जारी बयान में भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का कथन एक हैं तो सेफ हैं, राष्ट्र की एकता का वह सूत्र वाक्य है जिससे सदियों से हमने साथ रहना सीखा है। यह न केवल ऐतिहासिक बल्कि वर्तमान परिदृश्य में भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना पहले था। बंटेंगे तो कटेंगे का नारा सबका साथ सबका विकास है।

### सोनपुर मेले में 23 से पशुपालक गोष्ठी

**पटना।** हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में 23 नवंबर से 7 दिसंबर तक पशुपालक गोष्ठी होगी। इसमें विशेषज्ञ पशु चिकित्सक द्वारा पशुपालन से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी पशुपालकों व आमजनों को दी जाएगी। पशुपालकों की जिज्ञासा और सवालों का जवाब भी मिलेगा। सोमवार को पशुपालन निदेशक नवदीप शुक्ला की अध्यक्षता में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई।

### शिक्षक संघ के महासचिव दयाशंकर का निधन

**पटना।** बिहार संस्कृत प्राथमिक सह माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव पंडित दयाशंकर पांडेय के असामयिक निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर है। बिहार इंटरमीडिएट शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के महासचिव प्रो. गणेश प्रसाद सिंह ने बताया कि दयाशंकर पांडेय का निधन पटना के एक अस्पताल में हुआ है। उनका निधन राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति है।

### 'बूथ तक महिलाओं का लाने का श्रेय सीएम को'

**पटना।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा है कि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासनकाल में महिलाएं घर की चहारदीवारी में सिमटने को बाध्य थीं। बिहार की महिलाओं को बूथ तक लाने का श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है। यही कारण है कि मतदान करने वालों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उपचुनाव में एक बार फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए का जीत होगा।

### बाइक ने खड़े ट्रक में मारी ठोकर, एक की मौत

**मधवापुर (मधुबनी)।** स्टेट हाईवे-75 पर उतरा चौक के पास सोमवार शाम को बाइक सवार ने सड़क पर खड़े ट्रक में ठोकर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बाद में गंभीर रूप से घायल नीतीश कुमार (24) की इलाज के दौरान दरभंगा में मौत हो गयी। दूसरे जख्मी किशोर श्रवण कुमार (16) का साहरघाट के निजी नर्सिंग होम में इलाज हो रहा है।

### दुमका-पटना एक्सप्रेस से मवेशी कटा

**भागलपुर।** भागलपुर आरपीएफ के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र हंसडीहा के समीप मवेशी कटने से अफरातफरी का माहौल हो गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर रंधीर कुमार ने बताया कि सोमवार की दोपहर 12:55 बजे के करीब हंसडीहा के समीप दुमका-पटना एक्सप्रेस से मवेशी कट गया। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर पशुपालकों को आगाह किया जाता है कि पटरी के आस पास मवेशी को नही आने दें।

### तेज रफ्तार बस दुर्घटनाग्रस्त, दर्जनभर घायल

**रुन्नीसैदपुर (सीतामढ़ी)।** गाढ़ा थाना क्षेत्र के प्रेम नगर चौक के पास एनएच- 77 पर सोमवार सुबह मुजफ्फरपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पानी भरे गड्ढे में लुढ़क गई। हादसे में बस सवार दर्जनभर यात्री जख्मी हो गए। लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया। घायलों में दो की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

## पूर्णिमा पर स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में तैनात रहेंगे स्काउट और गाइड

**समाज एवं राष्ट्र की सेवा करना स्काउट और गाइड का मुख्य उद्देश्य - जिला शिक्षा पदाधिकारी**

दैनिक बिहार पत्रिका /छपरा

कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान और सोनपुर मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा और भीड़ नियंत्रित करने हेतु 300 स्काउट और गाइड कैडेट्स को लगाया जाएगा।यह स्काउट और गाइड कालीघाट में स्नान करने आने वाले एवम बाबा हरिहरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने आने वाले श्रद्धालुओ की भीड़ नियंत्रण एवं अन्य विधि व्यवस्था देखने में सहयोग करेंगे। सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में सोनपुर मेला सेवा शिविर हेतु विभिन्न विद्यालयों एवं ओपन यूनिट के



स्काउट और गाइड का चयन किया गया।जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण विद्यानंद ठाकुर ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा में गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में 300 स्काउट और गाइड लगाए जा रहे है। जो जिले के विभिन्न विद्यालयों/यूनिटो के है तथा शिविर प्रधान के रूप में अंबुज कुमार झा(शिक्षक ईश्वरीय उच्च विद्यालय बसंत) एवम गाइड में रीतिका सिंह(जिला संगठन आयुक्त,गाइड) को नियुक्त किया गया है। शिविर सहायक के रुप में रमेश कुमार(शिक्षक मध्य विद्यालय तकिया), स्काउट मास्टर मनीष कुमार गुप्ता,प्रणव सिंह को नियुक्त किया गया है।जिनके नेतृत्व के स्काउट और गाइड सोनपुर मेला सेवा शिविर के भाग लेंगे।जिला मुख्य आयुक्त हरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया की सोनपुर मेला सेवा शिविर में स्काउट और गाइड के स्वयंसेवक प्रत्येक वर्ष अपनी सेवा देके सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हैं।मौके पर जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज,स्काउट मास्टर आशुतोष कुमार,चंदन कुमार सहित अन्य स्काउट और गाइड उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची कार्य को लेकर बीडीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक



दैनिक बिहार पत्रिका/ बांका

सोमवार को फुल्लीडुमर प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में मतदाता सूची कार्य को लेकर प्रखंड के बीएलओ कि एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता सूची में 18 वर्ष के ऊपर के लोगों का नाम जोड़ने, मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से नाम हटाने, लिंगानुपात पर विशेष ध्यान देते हुए मतदाता सूची का कार्य ससमय करने का सख्त निर्देश दिये। वहीं आयोजित बैठक के मौके पर मुख्य रूप से बीएलओ कार्य में प्रतिनियुक्त प्रखंड के सभी शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका एवं विकास मित्र उपस्थित थे।

## पानी सप्लाई बंद होने ग्रामीणों की बढ़ी समस्या



दैनिक बिहार पत्रिका/ बांका

**चांदन/बॉका|**बिहार सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट में सामिल सात निश्चय योजना के तहत जल मीनार से घर घर शुद्ध पानी पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य सिर्फ खानापूर्ति तक ही सिमट कर रह जाती है। जबकि जिला पदाधिकारी बांका अंशुल कुमार का सख़्त निर्देश है कि,जिले के सभी प्रखंडों में निर्माण किया गया जल मिनार को सत् प्रतिशत सुचारु ढंग संचालित करना है ताकि लोगों को सरकार कि महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्रत्येक घरों के परिवार शुद्ध पानी मिलता रहे। बावजूद चांदन प्रखंड के विभिन्न पंचायत में जल मीनार गांव की शोभा बनी हुई है। इसे विभागीय लापरवाही समझें या जन प्रतिनिधियों की जागरूकता की कमी। ताज़ा मामला प्रखंड क्षेत्र कुसुम जोरी पंचायत के वार्ड नं 10 दलित टोला कुसुम जोरी में विगत 15 से जलापूर्ति यानी पानी सप्लाई बंद कर दिया है। पानी सप्लाई बंद होने से ग्रामीणों को पानी की समस्या बढ़ गई है। जिसके घरों निजी चापानल लगा हुआ है।उसका तो किसी तरह सप्लाई वाटर के बिना काम चल रही है। लेकिन जो ग्रामीण जलमीनार से आश्रित है उनके घरों में पानी कि किल्लत उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड सदस्य कि लापरवाही के कारण पानी सप्लाई बंद कर दिया है।जो जांच का विषय है। वहीं दूसरी वार्ड सदस्य प्रतिनिधि देवराज कुमार ने बताया कि जल मिनार में तकनीकी प्रोब्लम के कारण दो नवंबर से पानी सप्लाई बंद है। जिसकी जानकारी पर पीएचईडी विभाग जूनियर असिस्टेंट महेंद्र कुमार व कनीय अभियंता दीलीप कुमार मंडल ने कहा कि जल्द तकनीकी प्रोब्लम दूर कर पानी सप्लाई करवा दिया जाएगा।

## दुस्साहस:असमाजिक तत्वों ने किया अग्नेयास्त्र से फायरिंग

दैनिक बिहार पत्रिका/सुपौल

छातापुर प्रखंड मुख्यालय बाजार में पोस्ट ऑफिस चौक के समीप असमाजिक तत्वों ने अग्नेयास्त्र से फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। बाइक सवार तत्वों ने रविवार शाम स्वर्णकार टोला के समीप फायरिंग कर दहशत फैला दिया। इस घटना के बाद मुख्यालय में एकबार फिर लोगों के बीच भय व्याप्त हो गया है। सुचना के बाद थाना पुलिस स्थल पर पहुंची और आवश्यक पुछताछ की। जिसके बाद असामाजिक तत्वों की पहचान के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जूटी है। बताया जाता है कि बीते दो महिनों के अंदर असमाजिक तत्वों ने मुख्यालय में अलग अलग कई जगह फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। लेकिन थाना पुलिस येसी घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुरी तरह विफल है, पुलिस की निष्क्रियता के कारण ही असमाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो गए हैं। अग्नेयास्त्र लेकर बेखौफ विचरण कर रहे येसे तत्वों के द्वारा मुख्यालय में अनायास फायरिंग कर दहशत कायम करने की कोशिश की जा रही है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष शिवशंकर कुमार ने पुछने पर बताया कि फायरिंग करने वाले असमाजिक तत्व का पता नहीं चल पाया है, आसपास लगा सीसीटीवी फूटेज खंगाल रहे हैं।

## 34 बोतल कोरेक्स के साथ गिरफ्तार

**सोनवर्षा राज।** खजुरहा पंचायत अन्तर्गत भंवड़ा गांव से रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर 34 पीस प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप के साथ एक अवैध कारोबारी को गिरफ्तार करने में सोनवर्षा राज थाना पुलिस को सफलता हासिल हुआ।उक्त बात की जानकारी देते हुए सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कारोबारी भंवड़ा गांव निवासी कमलेश्वरी यादव का पुत्र नीतीश कुमार को 34 पीस प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया गया।

## शराब भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए,अर्द्ध निर्मित शराब को किया गया विनष्ट

दैनिक बिहार पत्रिका / छपरा

सारण पुलिस ने जिला के परसा थाना अंतर्गत परसादी दियारा में छापेमारी कर 11 शराब भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए 27 हजार अर्द्धनिर्मित शराब को विनष्ट किया।इस बात की जानकारी देते हुए सारण एसपी डॉ कुमार आशीष ने बताया कि उनके निर्देशन में सारण पुलिस द्वारा ज़िले में अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष समकालीन अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर परसा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर थानान्तर्गत परसादी दियारा, बहलोलपुर दियारा एवं बलिगांव में सघन छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में कुल- 11 शराब भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए लगभग 27,000 लीटर अर्द्ध निर्मित शराब विनष्ट किया गया है,वहीं इस कारोबार में संलिप्त अन्य



कारोबारियों के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इस धंधे में संलिप्त अन्य कारोबारियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। बता दें कि शराब निर्माण के खिलाफ पुलिस लगातार सजग है और इसी क्रम में प्रतिदिन छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद शराब कारोबारी में हड़कंप मच गया है।

# जिला पदाधिकारी के पहल पर कुसौना उप केंद्र का कायाकल्प कार्य युद्ध-स्तर पर

दैनिक बिहार पत्रिका/बाँका



जिला अधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर जिले भर में हो रहे स्वास्थ्य व्यवस्था पर लगातार सुधार के मद्देनजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन अंतर्गत प्रखंड के सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अतिरिक्त स्वास्थ्य उप केंद्रों का विधि व्यवस्था में बदलाव कि प्रक्रिया अब धरातल पर दिखने लगी है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों जिला पदाधिकारी महोदय बांका सिविल सर्जन कार्यालय में स्वास्थ्य समिति की बैठक आहुत किए थे, बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिता कुमारी सहित डीपीएम के अलावा स्वास्थ्य समिति के सदस्य शामिल थे। जिसमें चांदन के प्रखंड प्रमुख सह चांदन अस्पताल के स्वास्थ्य समिति सदस्य रवीश कुमार भी मौजूद थे। पदाधिकारी ने बारी-बारी से सभी प्रखंडों का स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए मुख्य रूप से शहरी क्षेत्र अवस्थित स्वास्थ्य केंद्र को विकसित करने और प्रखंड स्तरीय उप स्वास्थ्य केंद्र को सुदृढ़ तथा स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं को बेहतर एवं स्वयं के भवन में चल रहे उप स्वास्थ्य केंद्र पर ध्यान आकृष्ट कराया गया था। जिसमें प्रखंड प्रमुख रवीश कुमार ने चांदन प्रखंड के भोंड़ा बाजार और कुसुम जोरी पंचायत अवस्थित 15 साल पूर्व बना अर्ध निर्मित स्वास्थ्य उप केंद्र पर चर्चा किया गया था। बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने सख्त निर्देश दिया था कि दोनों उप स्वास्थ्य केंद्रों अति शीघ्र सौंदर्यीकरण करते हुए अभिलंब स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना है। ज्ञात हो कि कुसोना उप स्वास्थ्य केंद्र बने लगभग 15 से उपर हो गया है। पर पुर्व के अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण उक्त भवन खंडहर में तब्दील हो गया है, जबकि स्वास्थ्य समिति के अंटाइट फंड से उपकेंद्र की रख-रखाव का लाखों रुपए की राशि बंदर बांट कर लिया गया था। कुसोना उप केंद्र भवन की गुणवत्ता कि खबर कई बार नई बात अखबार सहित सोशल मीडिया पर भी दिखाया गया था। जिलाधिकारी अंशुल कुमार की पहल पर कुसोना उप स्वास्थ्य केंद्र का कायाकल्प युद्ध स्तर पर चल रही है। वहीं सोमवार 11 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर आशिष कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक परशुराम सिंह ने कुसोना उप केंद्र में चल रहे बाउंड्री वॉल कार्य का निरीक्षण किया।

# नामांकन निर्वाचन को लेकर नामांकन का कार्य हुआ शुरू, प्रत्याशियों में उत्साह

दैनिक बिहार पत्रिका/सुपौल



आगामी पैक्स निर्वाचन को लेकर होने वाले मतदान के लिए अभ्यर्थियों के नामांकन का कार्य सोमवार को शुरू कर दिया गया। 11, 12 एवं 13 नवंबर तक विभिन्न पदों के अभ्यर्थी अपने नामांकन का पर्चा दाखिल कर सकेंगे। पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुए नामांकन के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कुल छह टेबल लगाये गए हैं। सभी टेबल पर एआरओ, नोडल कर्मी सहित अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। निर्वाचन कार्य के सफल संचालन के लिए विभिन्न कोषांगो का गठन किया गया है। पहले दिन कई पैक्स के अभ्यर्थी प्रस्तावक व समर्थक के साथ नामजदगी पर्चा लेकर टेबल पहूंचे और नामांकन दाखिल किया। ब्लॉक चौक पर समर्थकों भीड़ लगी रही। इस दौरान मुख्य गेट एवं परिसर के अंदर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अभ्यर्थियों के कागजात की जांच करते नजर आये। मौके पर मौजूद बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी डा. राकेश गुप्ता ने जानकारी देते बताया कि प्रखंड के कुल 23 में 18 पैक्सों के लिए अध्यक्ष एवं सहयोग समिति के सदस्य पदों पर निर्वाचन होना है। नामांकन का कार्य तीन दिनों तक चलेगा। इसके बाद नामांकन की संवीक्षा, नाम वापसी तथा किसी भी पद पर एक से अधिक अभ्यर्थी रहने पर उन्हे चुनाव चिन्ह आवंटित की जायेगी। पहले चरण में होने वाले चुनाव के लिए 26 नवंबर को मतदान की तीथि निर्धारित है। 18 पैक्स के 57 बूथों पर 34433 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नामांकन के प्रथम दिन अध्यक्ष पद के लिए जबकि कोटिवार सदस्य पदों के लिए अभ्यर्थी ने नामांकन दाखिल किया है। नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद हेतु विभिन्न पंचायतों से कुल 19 लोगों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। जिसम 15 पुरुष तथा 4 महिला शामिल है।

जबकि सामान्य सदस्य के लिए 6 पुरुष तथा 4 महिला ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। वही अत्यंत पिछड़ा वर्ग से 2 पुरुष तथा 1 महिला ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। जबकि पिछड़ा वर्ग से 2 पुरुष तथा 2 महिला ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। वही अनुसूचित जाति जनजाति हेतू 3 पुरुष तथा 1 महिला ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस प्रकार विभिन्न कोटि के कुल 21 सदस्यों ने नामांकन करवाया। बताया कि निर्वाचन कार्य में समन्वय हेतू प्रखंड कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गए हैं। निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में मतदान का कार्य संपन्न कराने हेतू प्रखंड प्रशासन संकल्पित है। लिहाजा निर्वाचन को लेकर प्रशासन व पुलिस के स्तर से व्यापक तैयारी की गई है।

# पुलिस ने विभिन्न जगहों से शराब की बरामद






दैनिक बिहार पत्रिका/ बांका

चांदन थानान्तर्गत दर्दमारा चेकपोस्ट से स० अ० नि० म० नि०, मधुसुदन यादव के नेतृत्व में अभियुक्त प्रेम कुमार, पे० राजीव राय, सा०-मुली, थाना-भुली, जिला-धनबाद (झारखंड), उम्र 38 वर्ष करीब को अवैध विदेशी शराब की कुल मात्रा 09.375 लीटर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी ओर बौंसी थानान्तर्गत मंदार हिल रेलवे स्टेशन चौक के पास से प्र० स० अ० नि० म० नि०, विश्वजीत कुमार के नेतृत्व में अभियुक्त मोहन मंडल, पे०-स्व० महेश मंडल, सा०-बलुआचक, थाना-जगदीशपुर, जिला-भागलपुर, उम्र 33 वर्ष करीब को अवैध विदेशी शराब की कुल मात्रा 0.750 लीटर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। साथ ही शराब सेवन के आरोप में 18 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय, बाँका के समक्ष पेश किया गया। जहाँ से उन्हें जुर्माना उपरांत मुक्त कर दिया गया।

# साइकिल से स्कूल जा रही छात्रा को ट्रक ने कुचला, लड़की की हुई दर्दनाक मौत

## आक्रोषित लोगों ने किया सड़क जाम कर किया नाराजगी का इजहार





दैनिक बिहार पत्रिका/ बाँका

**बौंसी|** प्रखंड के श्यामबाजार पशु अस्पताल के सामीप साइकिल से स्कूल जा रही छात्र को ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मिर्जापुर निवासी छात्रा जिसका नाम साक्षी कुमारी हैं, उम्र 13 वर्ष वह हर दिन की भांति सोमवार सुबह हरि मोहरा स्कूल साइकिल से जा रही थी। तभी इसी क्रम में श्यामबाजार के पशु अस्पताल के समीप ट्रक ने ओवर टेक के चक्कर में इस 13 वर्षीय बच्ची को बुरी तरह टक्कर मार दी। जिससे उक्त बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद वहां देखने वालों की काफी भीड़ लग गई। लोगों में आक्रोश था कि वाहन चालक ओवरटेक और काफी स्पीड के चक्कर में इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। आक्रोशित लोगों ने घंटे सड़क पर आवागमन को प्रभावित किया और न्याय की मांग की। मृतक छात्रा के पिता का नाम पंकज यादव मिर्जापुर निवासी और मां का नाम पुतुल देवी हैं। परिवार के एकमात्र बेटी के इस तरह चले जाने से पूरा गांव भी गम में डूबा है। स्टेट हाईवे पर वाहन चालक के लापरवाही के कारण हुई इस दर्दनाक घटना के बाद नाराज लोगों ने सडक पर घंटों जाम लगा दिया। मौके पर पुलिस प्रशासन ने पहुंचकर लोगों की नाराजगी को दूर किया। प्रशासन और स्थानीय लोगों के घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को चेक पोस्ट के पास जप्त कर लिया। लोगों का कहना है कि रोड ब्रेकर से इस घटना पर विराम लग सकता है।

# लंबित पत्रों के तुरंत निष्पादन करने का दिया गया निर्देश



दैनिक बिहार पत्रिका/बांका

जिला पदाधिकारी, बांका अंशुल कुमार की अध्यक्षता में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ सोमवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न कार्यालयों में लंबित पत्रों के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा की गई तथा काफी दिनों से लंबित पत्रों के तुरंत निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, बांका,अपर समाहर्ता , बांका, अपर समाहर्ता विभागीय जांच, बांका, अनुमंडल पदाधिकारी, बांका जिला परिवहन पदाधिकारी, बांका, विशेष कार्य पदाधिकारी, बांका , जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बांका सहित अन्य वरीय जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एम एस पी पर धान खरीद को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश



दैनिक बिहार पत्रिका/बांका

जिला पदाधिकारी, बांका अंशुल कुमार की अध्यक्षता में टास्क फोर्स कि बैठक आयोजित की गई। दिनांक 15 नवंबर से सभी किसान से नियमानुसार एम एस पी पर धान खरीद होगी इसको लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला सहकारिता पदाधिकारी को सभी पैक्स का ऑडिट कराने को बोला गया और साथ ही साथ सभी चयनित पैक्स में सभी तैयारी करने को बोला गया। सभी पंचायत में व्यापक प्रचार प्रसार करवाया जाए इसको लेकर जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सभी मिल को 15 तक आवश्यक मापदान पूरा करने को बोला गया। मीटिंग में सभी प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम बांका, अध्यक्ष कॉपरेटिव बैंक मौजूद थे।

# 12वें विद्यापति राजकीय महोत्सव की तैयारी जोरों पर

## 3-15 नवम्बर के बीच होना है कार्यक्रम, महोत्सव को यादगार बनाने में जुटे अधिकारी

दैनिक बिहार पत्रिका/ समस्तीपुर





**विद्यापतिनगर।** कवि कोकिल विद्यापति की निर्वाण भूमि विद्यापतिधाम में बुधवार से आयोजित होने वाले त्रिदिवसीय 12वें विद्यापति राजकीय महोत्सव को लेकर तैयारी जोरों पर है, इसके लिए कलां संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन समस्तीपुर के द्वारा समारोह के आयोजन से संबंधित सभी आवश्यक तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। कार्यक्रम के लिए भव्य एवं आकर्षक पंडाल बनाया जा रहा है, वहीं साफ-सफाई का काम तेजी से कराया जा रहा है। समारोह के मद्देनजर विद्यापति जी का स्मारक एवं उगना महादेव मंदिर का रंग-रोगन एवं साज-सज्जा किया जा रहा है, इसके अलावा जगह-जगह तोरणद्वार, प्रकाश की व्यवस्था, साउंड, पार्किंग, ठहराव, पेयजल, भोजन शौचालय आदि की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों पर स्वयं प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी नज़र रख रहे हैं। बीडीओ महताब अंसारी ने बताया कि 13 नवम्बर को शाम चार बजे इस महोत्सव का विधिवत उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी के द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए जिले के सभी विधायकों, विधान पार्षदों एवं अन्य गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में पहले दिन 90 के दशक की मशहूर पार्श्व गायिका पूर्णिमा श्रेष्ठा के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। दूसरे दिन गुरुवार को कवि सम्मेलन के साथ लोग भोजपुरी संगीत की सुप्रसिद्ध गायिका कल्पना पटवारी के गीतों का आनंद ले सकेंगे। वहीं तीसरे व अंतिम दिन सोमवार को स्कूली बच्चों के बीच नृत्य, संगीत, रंगोली, भाषण एवं क्विज़ प्रतियोगिता कराई जाएगी । इसके बाद महोत्सव का समापन समारोह होगा। विदित हो कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के त्रयोदशी तिथि को विद्यापति राजकीय समारोह आयोजित की जाती है,क्षेत्र वासियों में खुशी देखा जा रहा है।

# राजद प्रखंड महासचिव के निधन पर बिहार राज्य जिला पार्षद संघ के अध्यक्ष ने किया शोक व्यक्त



दैनिक बिहार पत्रिका/ बांका

बिहार ज़िला पार्षद संघ के अध्यक्ष सह फुल्लीडुमर (उत्तरी ) के ज़िला पार्षद श्री विश्वजीत दीपांकर ने दिवंगत प्रखण्ड राजद के महासचिव रणधीर महाराणा के आवास पर जाकर उसके परिजनों से मिलते हुए गहरी शोक संवेदना प्रकट किया। संवेदना प्रकट करते हुए जिप सदस्य ने कहा कि रणधीर भैया के निधन पर मुझे क्षति पहुंचाहै। क्योंकि व्यक्तिगत संबंध रहने के कारण इसकी भरपाई करना मुश्किल है। वहीं जीप सदस्य ने दिवंगत रणधीर महाराणा को शालीन , मृदुभाषी, सरल स्वभाव का बताया इनके निधन पर जो छती पहुंची है उसे भरपाई करना संभव नहीं है। इस अवसर पर उनके साथ भाई गोपाल महाराणा,सिण्टू महाराण ,पुत्र अंकित सहित परिवार के अन्य सदस्यों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर जयद्रथ कुमार,अमाशी चौधरी,मनोहर कुमार,सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुलिस जुटा रही मुन्ना शुक्ला की क्राइम हिस्ट्री

**मुजफ्फरपुर।** पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की हत्या में सुप्रीम कोर्ट से उम्र कैद की सजा मिलने के बाद जेल भेजे गए पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला की क्राइम हिस्ट्री सदर थाने की पुलिस जुटा रही है। मुन्ना शुक्ला पर बीते साल अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने जमीन पर जबरन कब्जा के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस केस के आईओ एएसआई रामनारायण सिंह को मुन्ना शुक्ला की क्राइम हिस्ट्री लेने का निर्देश दिया गया है।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में वैशाली जिला प्रथम स्थान पर

दैनिक बिहार पत्रिका /वैशाली



जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा ने आज समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बैंकर्स के साथ उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में वैशाली जिला प्रथम स्थान पर है। पीएमएफएमई यानी प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना में 360 आवेदनों के विरुद्ध 169 स्वीकृत है। वैशाली जिला का पीएमएफएमई योजना में नौवां स्थान है। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि इस योजना में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें।

पीएमईजीपी यानी प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में सभी बैंकर्स को 491 लक्ष्य के विरुद्ध 192 ऋण स्वीकृत एवं 61 ऋण वितरित करने पर जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि लाभुकों से संपर्क कर शीघ्र ही शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें।

समीक्षा बैठक में जिला उद्योग केंद्र के पदाधिकारियों के साथ बैंकों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# तिरहुत स्नातक उप निर्वाचन को लेकर राजनीतिक दलों के साथ जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

**दैनिक बिहार पत्रिका /वैशाली**

जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा और पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने आज समाहरणालय में तिरहुत स्नातक उप निर्वाचन को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के प्रारंभ में उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक उप निर्वाचन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 4 नवंबर को प्रेस नोट जारी कर दिया गया है। प्रेस नोट जारी होते ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। आज 11 नवंबर को अधिसूचना जारी की गई है। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 18 नवंबर है। नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा 19 नवंबर को होगी तथा 21 नवंबर तक नाम वापस लेने की आखिरी तारीख है। 5 दिसंबर को मतदान की तिथि है। मतदान का समय पूर्वाह्न 8:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक है। 9 दिसंबर को मतगणना होगी। वैशाली जिला में निर्वाचक सूची के अंतिम अंतिम प्रकाशन के अनुसार वैशाली जिला में निर्वाचकों की कुल संख्या 37,640 है।कुल मतदान केंद्रों की संख्या 48 है। इसमें मूल मतदान केंद्र की संख्या 20 तथा सहायक मतदान केंद्र की संख्या 28 है। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक उप निर्वाचन की तैयारी के संबंध में टीवी चैनल, प्रिंट और



इलेक्ट्रानिक मीडिया आदि में प्रकाशित और प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापनों का मीडिया प्रमाणीकरण एवं मॉनिटरिंग किया जाना है। इसके लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन तथा मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। जिला पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के पूर्ण अनुपालन करने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव कराया जा सके।

# इमामगंज सहित चारो विधानसभा सीट पर एनडीए की 4-0 से जीत तय

**दैनिक बिहार पत्रिका /गया**

**गया।**प्रावैधिकी एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डाक्टर संतोष कुमार सुमन ने कहा कि लालू-राबड़ी सरकार ने 1990 से 2005 के बीच मात्र 1 लाख लोगों को नौकरी दी, जबकि नीतीश सरकार अब तक 7.5 लाख युवाओं को नौकरी दे चुकी है। हमारी सरकार 2025 के चुनाव से पहले और 12 लाख लोगों को नौकरी देगी। उन्होंने कहा कि एनडीए की डबल इंजन सरकार ने गरीबों को आयुष्मान कार्ड के जरिये पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की गारंटी दी, शौचालय बनवाये, पक्के मकान दिए, उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिये और राज्य के 1 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया। आज तक किसी सरकार ने जनता की इतनी सेवा नहीं की थी, बल्कि सिर्फ बिहार को लूट कर अपना घर भरा था। डाक्टर सुमन ने कहा कि इन सारे कार्यों से लोगों का जीवन बेहतर हुआ है। गरीबों-दलितों और पिछड़े समुदाय का एनडीए पर भरोसा लगातार बढा है, इसलिए यह उपचुनाव हम 4-0 से जीतेंगे।उन्होंने कहा कि इमामगंज के लोगों ने हिंदुस्तानी अवामी मोर्चा सेक्युलर की प्रत्याशी दीपा मांझी को विजयी बनाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के हाथ मजबूत करने का मन बना लिया है।

# जयंती पर याद किए गए मौलाना अबुल कलाम आजाद



**दैनिक बिहार पत्रिका /सुपौल**

प्राइमरी स्कूल यादव राम टोला नरहैया में भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए सहायक शिक्षक फैज ने बताया की आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री व स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाने का कार्य किया गया है। इतना ही नहीं उनकी जीवनी को भी विस्तृत रूप से बच्चो को बताकर उनसे सीख लेनी की बात कही गई है। इसके साथ ही उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर सहायक शिक्षक फ़ैज़ अहमद, पिंकी कुमारी, रूकिया देवी, बुधनी देवी आदि थी।

# स्नेही भवन में आयोजित की गई भारत विकास परिषद की बैठक

**दैनिक बिहार पत्रिका / छपरा**

भारत विकास परिषद की छपरा इकाई ने भगवान बाजार छपरा स्थित स्नेही भवन में आम सभा का आयोजन किया। जिसमें परिषद की वर्तमान स्थिति के परिपेक्ष्य में भविष्य की कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

वहीं परिषद द्वारा किए जाने वाले कार्यकलापों को बखूबी बड़े पैमाने पर आयोजित करने तथा परिषद के सदस्यों की संख्या बढ़ाने और जनकल्याण से जुड़ी कार्यक्रमों को भविष्य में आयोजित



करने से संबंधित निर्णय लिए गए। भविष्य में आयोजित किए जाने वाले ऐसे कार्यक्रमों में निर्धन स्कूली बच्चों के बीच पठन सामग्रियों का वितरण, चिकित्सा शिविर का आयोजन तथा गुरु वंदन एवं छात्र अभिनंदन प्रकल्प के तहत प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करने के रूपरेखा पर विचार किया गया। परिषद के अध्यक्ष शंकर नाथ पाठक ने परिषद के सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने की बात कही। वहीं सचिव कृष्ण मोहन प्रसाद ने भविष्य में आयोजित होने वाले सभी प्रकल्पों के तहत कार्य योजना और कार्य प्रक्रिया पर विस्तृत प्रकाश डाला। अध्यक्ष एवं सचिव के अतिरिक्त मुख्य रूप से उपस्थित सदस्यों एवं संयोजकों में संरक्षक प्रो के के द्विवेदी, संगठन सचिव ईश्वर प्रसाद, पर्यावरण के संयोजक विनोद कुमार मिश्रा, वित्त सचिव भगवती प्रसाद जगाती, प्रोफेसर डॉ मृदुल कुमार शरण , लक्ष्मी नारायण प्रसाद, डॉ अशोक कुमार एवं उत्तर कोसी बिहार प्रांत मुजफ्फरपुर से प्रांतीय जनरल सेक्रेटरी सी ए के के चौधरी और परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष नवनीत शांडिल्य एवं अन्य उपस्थित थे।

# सुपौलः सदगुरू कबीर साहेब त्रिदिवसीय सम्मेलन के आयोजन को लेकर हुई बैठक

**दैनिक बिहार पत्रिका/सुपौल**

छातापुर मुख्यालय बाजार स्थित मध्य विद्यालय छातापुर परिसर में गतवर्ष की भाति इसबार भी सदगुरू कबीर साहेब त्रिदिवसीय सम्मेलन होने जा रहा है। इसको लेकर रविवार की संध्या मध्य विद्यालय परिसर में सत्संग प्रेमी और बाजार वासियों की बैठक हुई। कबीर मत के अनुयाई अरूण बहरखेर की अध्यक्षता में हुई बैठक में तीन दिवसीय कबीर सम्मेलन को हर्ष और उत्साह के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि यह आयोजन आगामी 21, 22 एवं 23 नवंबर को होगा। जिसमें कबीर मत के विद्वान व प्रखर वक्ताओ के अलावे कई साधु संतों का पदार्पण हो रहा है। बैठक के दौरान आयोजन की तैयारी और सफल संचालन के लिए सर्वसम्मति से एक कमिटि का गठन किया गया। जिसमें संयोजक का भार अरूण बहरखेर को दिया



गया। उपेंद्र प्रसाद भगत को अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई। जबकि विजेंद्र उर्फ बौआ मंडल को सचिव तथा हीरालाल साह को उपसचिव बनाया गया। महामंत्री गौरीशंकर भगत तथा कोषाध्यक्ष पवन कुमार ठाकुर बनाये गए। भूवन ठाकुर व्यवस्थापक का दायित्व देखेंगे। वहीं कार्यकारिणी में रामलखन पासवान, राममूर्ति मुखिया, धनिलाल मलाकार, बिनोद कुमार भगत, वरूण बहरखेर, मनीष पांडेय, बद्री पासवान, संजय भगत के नाम शामिल हैं। उपसचिव हीरालाल साह ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। मंच के साथ भव्य पंडाल बनेगा, शयन कक्ष, शौचालय, पेयजल, यूरिनल आदि की सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। वहीं भंडारा में भोजन व नास्ता इत्यादि की व्यवस्था रहेगी। उन्होने आयोजन को सफल बनाने के लिए बाजार वासियों से तन मन धन से सहयोग करने का अनुरोध किया है।

# दोनो सरकार को फेक देना है, महागठबंधन को वोट करे - पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव

**दैनिक बिहार पत्रिका/ गया**

**गया।**आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव गया पहुंचे है।जहां उन्होंने जिले के बेलागंज विधानसभा के बस पड़ाव मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित किया है उनका स्वागत जिला और बेला कमेटी राजद नेताओ ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर बरसा है। इस दौरान लालू यादव एक निराले अंदाज में दिखे हैं। वहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी को सात समुंदर पार फेंक देना है।इसके लिए हमारे गठबंधन को वोट दें,उन्होंने कहा कि अब टाइम नहीं



है, मतदान नजदीक है।हम अपील करते हैं कि ताकत को एक रखिए. हमारा कोई भी बाल बांका नहीं कर सकता है।

आगे आव्हान किया की हमलोगों आपस में बटना नहीं हैं सब एक हो जाओ और किसी के बहकावे में नहीं आना हैं इसी के साथ उन्होंने कहा की एक मत होकर राजद समर्पित उम्मीदवार विश्वनाथ यादव को भारी मतों से विजय विजय बनाने की अपील किए हैं।इस सभा का अध्यक्षता मैं बतौर जिला अध्यक्ष मो. मुर्शिद आलम उर्फ निजाम भाई ने किया है। इस सभा का संचालन प्रधान महासचिव जुगनू यादव, ने किया है इस सभा में जहानाबाद सांसद डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव, सांसद जहानाबाद अभय कुशवाहा,पूर्व मंत्री आलोक मेहता , पूर्व विधायक राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव जी, मुख्य प्रवक्ता शक्ति यादव, रफीगंज विधायक निहाल साहब, पूर्व मंत्री बोधगया विधायक कुमार सर्वजीत जी, पूर्व विधायक, विनोद कुमार यदुबिंदु जी, पूर्व विधायक शिववचन यादव जी , बेलागंज प्रत्याशी विश्वनाथ यादव , जुगनु यादव,शिमा कुशवाहा , महानगर अध्यक्ष जितेंद्र यादव , पूर्व जिला अध्यक्ष मो. आशिर, , के अलावा हज़ारों कार्यकर्ता और बेलागंज की महान जनता शामिल हुईं है

# मोदनसेन महाराज आदि काल में प्रजापति ब्रह्मा के द्वारा विश्व कल्याण के लिए महायज्ञ आयोजन करवाया गया था - मंत्री डॉ प्रेम कुमार

**दैनिक बिहार पत्रिका/ गया**

बिहार भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने गया अंतर्गत पीरमंसूर धर्मसभा में आयोजित महर्षि मोदनसेन महाराज जयंती समारोह में शामिल होकर महर्षि मोदनसेन महाराज जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया है। इसके साथ ही महर्षि मोदनसेन परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदनसेन महाराज आदि काल में प्रजापति ब्रह्मा के द्वारा विश्व कल्याण के लिए सभी देवी–देवता, ऋषि सम्मिलित महायज्ञ आयोजन किया गया है। यज्ञ में मोदनसेन जी पर भोजन व्यवस्था का दायित्व था। भांती भांती के व्यञ्जन और मिष्ठान बनाकर यज्ञजनों को सन्तुष्ट करने के कारण उनको इस कार्य पाकशास्त्र के आचार्य घोषित किया गया है । बाद में उनके वंशज इसी चक्र द्वारा संसार में फैले हैं। मोदनसेन जी महाराज भलनन्दन जी की चौथी पीढ़ी में तथा उनके पूवर्ज मनु महाराज से सातवीं पीढ़ी में उत्पन्न हुये थे । आज से पाँच हजार वर्ष पूर्व श्री मोदनसेन महाराज की जयन्ती कार्तिक शुक्ल अक्षय नवमी को मनाने की परम्परा मिली है।यज्ञसेन जी महाराज प्रजापति दक्ष के यज्ञ के समय महर्षि भृगु ने ऋचाओं के गायन–आवाहन के साथ, ज्योंही यज्ञकुण्ड की दक्षिणाग्नि में घृताहुति दी, त्योंही यज्ञाग्नि से तप्त स्वर्ण की सी कांति लिऐ एक यज्ञ पुरुष प्रकट हुए हैं। यह यज्ञ पुरुष कस्तुरी मृगों से जुते हुए, दिग्विजयी रथ पर आरूढ़, मणिमुकुटों को धारण किये हुए थे। उन्हें महर्षि मृगु ने ऋभु यज्ञसेन नाम से सम्बोधित किया । यज्ञसेन का विवाह ऋषिपुत्री दक्षिणा से हुआ और उनके ९२ पुत्ररत्न हुए हैं। जो यज्ञ–निर्मित पदार्थों को बनाते व व्यापार करते थे।



पुराण के प्रथम अंक के सातवें अध्याय के श्लोक ९३ से २९ तक यज्ञसेन वंश का वर्णन मिलता है। यज्ञसेन महाराज के वंशजो को यज्ञसेनी हलुवाई कहा जाता है। यज्ञसेन जी गुरु पूर्णिमा को अवतरित हुए थे। यज्ञसेन का उद्धव कहाँ हुआ था इस विषय में मंगली प्रसाद गुप्त ने लिखा है कि 'बिठूर, जिला कानपुर उत्तर प्रदेश)में हुए थे ।' कुछ लोगों का मत है कि कानपुर से कुछ किलोमिटर दूर गंगा–तट पर जाजमऊ में हुये थे। तिसरा मत यह है कि यज्ञसेन महाराज मथुरा में हुये थे। कुछ का मत है कि यज्ञपुर तीर्थ बिहार–उड़िसामें हुये थे । इनमें बिठूर कानपुर ही ठीक प्रतीत होता है, यहाँ यज्ञ कीलक कीलों ब्रह्मशिला है, जहाँ पर यज्ञसेन महाराज ने एक महान यज्ञ किया था ।इस मौके पर धनजी प्रसाद प्रदेश अध्यक्ष जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ ,अनिल गुप्ता,विनय गुप्ता,गौतम,नैना देवी जिला परिषद अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे हैं।

# वक्फ बिल पर संयुक्त संसदीय समिति का बिहार दौरा स्थगित

**दैनिक बिहार पत्रिका /पटना**

केंद्र सरकार के वक्फ बिल को लेकर बिहार की जनता, राजनीतिज्ञ, सामाजिक और धार्मिक संगठनों की राय जानने के लिए 12 और 13 नवंबर को प्रस्तावित संयुक्त संसदीय समिति का कार्यक्रम स्थगित हो गया है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। वहीं, राष्ट्रीय सामाजिक न्याय मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र चौहान ने बताया कि लोकसभा के अवर सचिव और संसदीय समिति का कार्य देख रहे धीरज जी से इस मुद्दे पर बात की तो उन्होंने कार्यक्रम स्थगित होने की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि बिहार के 25 से ज्यादा हिंदूवादी संगठनों ने वक्फ बिल को लेकर अपनी राय रखने का आग्रह किया था। उन्होंने बताया कि संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल से पटना आने का कार्यक्रम जल्द निर्धारित करने का आग्रह किया गया है।

# विधि व्यवस्था को लेकर जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा बैठक

**दैनिक बिहार पत्रिका / वैशाली**

हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा और अन्य व्यवस्था को लेकर आज मुख्य सचिव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वैशाली और सारण (छपरा) के जिला पदाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के साथ अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर को प्रात:काल से प्रारंभ होकर 16 नवंबर के प्रात: काल तक रहेगा। कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान आदि के आलोक में सभी तैयारियां समय पर पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला दिनांक 13 नवंबर से शुरू होकर 14 दिसंबर तक चलेगा। समीक्षा बैठक के बाद जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा और पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने जिला स्तरीय संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया कि कार्तिक स्नान के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाए। नाव परिचालन पर सख्ती बरती जाए। घाटों की साफ सफाई, चेंजिंग रूम आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को निर्देश दिया गया कि सभी घाटों एवं उनके पहुंच पथ पर रोशनी की व्यवस्था एवं साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा साउंड सिस्टम से सुरक्षा संबंधी उद्घोषणा करवाते रहेंगे। पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि वह पेय जल तथा पर्याप्त संख्या में आधुनिक तकनीक पर आधारित शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी इस अवसर पर पर्याप्त संख्या में चिकित्सक, एंबुलेंस तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। आगत श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए कौनहारा घाट और रामाशीष चौक पर मेडिकल व्यवस्था सुनिश्चित करवाएंगे। कार्यपालक अभियंता, बिजली विभाग निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। ट्रैफिक प्रभारी यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक प्लान पर काम करेंगे। समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता (आपदा), ओएसडी, एसडीएम,



डीपीआरओ, पथ निर्माण विभाग तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद तथा अंचलाधिकारी हाजीपुर आदि मौजूद थे।




# तमिल सिनेमा में बड़ा धमाल मचाने जा रहे जूनियर एनटीआर

**जूनियर** एनटीआर को आखिरी बार देवरा-1 में देखा गया था। इस फिल्म में अभिनेता के दो किरदार थे। यह फिल्म देवरा नामक एक व्यक्ति पर केंद्रित है जो एख गांव का मुखिया है और तस्करी में शामिल होता है। बाद में वह गलत काम छोड़ने का फैसला करता है। अपनी अगली फिल्म के लिए प्रशांत नील के साथ काम करने वाले जूनियर एनटीआर एक फिल्म के लिए जेलर निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार के साथ हाथ मिला रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, अभिनेता ने निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार के साथ एक फिल्म फाइनल कर लिया है। निर्देशक ने आरआरआर स्टार के साथ फिल्म के कुछ विचार साझा किए, जिसके बाद उन्होंने फिल्म को लॉक कर दिया। चेन्नई में फिल्म के प्रमोशन के दौरान जूनियर एनटीआर ने तमिल सिनेमा में काम करने की इच्छा जताई थी। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशक वेत्रिमारन से भी उनके साथ सहयोग करने की अपील की थी। अब ऐसा लग रहा है कि अभिनेता तमिल सिनेमा में काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

जूनियर एनटीआर को आखिरी बार देवरा-1 में देखा गया था। इस फिल्म में अभिनेता के दो किरदार थे। यह फिल्म देवरा नामक एक व्यक्ति पर केंद्रित है जो एख गांव का मुखिया है और तस्करी में शामिल होता है। बाद में वह गलत काम छोड़ने का फैसला करता है और अन्य लोगों को गलत काम में शामिल होने से रोकता है।

ऐसा करने से कई लोगों से उसकी दुश्मनी बढ़ जाती है। यह सब देखते हुए देवरा एक भूत बनने का फैसला लेता है जो लोगों को गलत काम करने से रोकता है। इसके लिए उसे अपने परिवार को भी छोड़ना पड़ता है।



# प्रियंका चोपड़ा को अपना रोल मॉडल मानती हैं सामंथा

## लंदन में सिटाडेल के प्रमोशन में बोलीं अभिनेत्री

**लंदन** में सामंथा अपनी फिल्म सिटाडेल- हनी बनी के प्रमोशन के लिए पहुंची। इस दौरान उन्होंने प्रियंका चोपड़ा की तारीफ भी की। सामंथा ने प्रियंका को लड़कियों के लिए एक बेहतरीन रोल मॉडल बताया है। एक समारोह के दौरान सामंथा ने मोस्ट पावरफुल इवेंट में बात की। सामंथा ने कहा, जेनिफर साल्के (प्राइम वीडियो हेड) के पास इस इंटरकनेक्टेड जासूसी दुनिया को बनाने का शानदार विचार था। पहला सीजन अमेरिका में आधारित है, दूसरा इटली, फिर भारत और अगला मेक्सिको में है इसलिए यह शानदार है। हमारे लिए वास्तव में हमारे देश को छोड़े बिना वैश्विक जासूसी ब्रह्मांड से जुड़ने का एक अविश्वसनीय अवसर है। बता दें प्रियंका ने रिचर्ड मैडेन के साथ सिटाडेल के अमेरिकी अध्याय का नेतृत्व किया था।

### प्रियंका चोपड़ा के लिए बोलीं सामंथा

सामंथा रुथ प्रभु ने प्रियंका चोपड़ा के लिए कहा कि वे हम लड़कियों के लिए रोल मॉडल हैं। उन्होंने हमें बड़ा सोचने की प्रेरणा दी है। ये हमारे लिए बहुत अछा अवसर है। साथ ही उन अभिनेत्रियों के साथ आने का भी जिन्होंने सिटाडेल अन्य सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है।

सामंथा ने राज और डीके के साथ काम करने के लिए कहा कि वे उनकी फिल्म निर्माण का अलग ही प्रकार है। इस समय उनके प्रोडक्शन का हिस्सा बनना हर अभिनेता का सपना होता है। वे अभिनेता को सही मायने में अभिनय करने और कुछ नया करने का मौका देते हैं। सिटाडेल- हनी बनी में सामंथा ने वरुण धवन के साथ काम किया है। इस फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया गया है। फिल्म का निर्देशन राज और डीके की सुपरहिट जोड़ी ने किया है। निर्देशकों की ये जोड़ी शोर इन द सिटी, गो गोवा गॉन, हैप्पी एंडिंग जैसी फिल्में बना चुकी है।

# अमिताभ जी शूटिंग के दौरान नहीं लेते थे ब्रेक शाम कौशल ने याद किया बिग बी से जुड़े किस्से

### मर्द में शाम कौशल थे प्रशिक्षु स्टंटमैन

1985 की फिल्म मर्द में शाम कौशल एक प्रशिक्षु स्टंटमैन थे। उन्होंने बताया कि जब वह उपलब्ध नहीं थे तब अमिताभ बच्चन ने उनसे युद्ध फिल्म के लिए एक्शन निर्देशक के तौर पर काम करने का अनुरोध किया। शाम कौशल ने कहा, मुझे चार दिन के बाद युद्ध के निर्देशक का कॉल आया। मैंने उन्हें बताया कि मुझे अन्य काम हैं, लेकिन अभिताभ जी ने फोन ले लिया और कहा कि अगर आप नहीं आएंगे तो मैं अपनी तारीख बदल दूंगा। मैं एक्शन तभी करूंगा, जब आप मुझे अपनी तारीख देंगे। इतना बड़ा अभिनेता मुझसे यह कह रहे थे, इसे सुनकर मैं बहुत ज्यादा खुश था। मैंने अपने ड्राइवर से गाड़ी रोकने को कहा और मैं सोचने लगा कि अमिताभ जी मेरे लिए अपनी तारीख बदलने के लिए तैयार हैं। मैं काम के प्रति उनके जुनून से आश्चर्यचकित था।



अनुभवी एक्शन निर्देशक शाम कौशल ने हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के अटूट समर्पण, विनम्रता और दयालुता की प्रेरक कहानियां साझा की।

1985 की फिल्म मर्द से लेकर टीवी शो युद्ध में साथ काम करने तक, उन्होंने बताया कि कैसे अमिताभ बच्चन शूटिंग के दौरान ब्रेक लेने से इनकार कर देते थे और कभी कभी तो वह लंच भी छोड़ देते थे। अपने बेटे विक्की की डेब्यू फिल्म मसान को लेकर भी एक यादगार पल साझा किया। उन्होंने बताया कि अभिताभ बच्चन ने उन्हें हार्दिक बधाई दी, जिसके बदले में कौशल ने कहा कि इस संदेश ने उनकी जिंदगी बदल दी।

### टूर कैंसिल करने के बाद

# फूट-फूट कर रोईं जेनिफर लोपेज

अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेनिफर लोपेज ने मई में अपना एक टूर कैंसिल कर दिया था, इसके बाद वे फूट-फूटकर रोईं। इस बात के पीछे की वजह जेनिफर ने बताई है। अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेनिफर लोपेज ने हाल ही में अपने एक टूर को कैंसिल किए जाने को लेकर बात की। उन्होंने कहा, ये उनके लिए बहुत ही कठिन निर्णय था क्योंकि वे अपने बच्चों के साथ भी कुछ समय बिताना चाहती थीं। हालांकि, ये निर्णय उन्हें बहुत दुखी कर गया। टूर कैंसल करने के बाद वे कार में बैठकर बहुत रोईं थीं। एक चैट शो के दौरान जेनिफर लोपेज ने बताया कि उन्होंने गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के साथ समय बिताने का निश्चय किया। उन्हें लगता है कि यह अब तक का सबसे अच्छा फैसला था लेकिन बहुत कठिन भी। जब भी ऐसी कोई बात सामने आती है, तो मैं अपने प्रशंसकों से माफी मांगती हूं। जेनिफर लोपेज ने कहा, मैंने ये फैसला लेने के बाद तुरंत रोना शुरू कर दिया। मैं कार में बैठ गई और सचमुच रो पड़ी। ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए इसे रद्द करना बहुत मुश्किल है। मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया।

### मई में कैंसिल किया था टूर

अपने टूर को जेनिफर ने मई में कैंसिल किया था, इसकी घोषणा उन्होंने एक न्यूज लेटर के जरिए की थी। उन्होंने लिखा, ये फैसला कठिन है लेकिन जरूरी भी। मैं वादा करती हूं इसकी भरपाई करूंगी। मैं आप सभी से प्यार करती हूं।

### पति से तलाक का लिया फैसला

जेनिफर लोपेज ने इसी साल पति बेन एफ्लेक से तलाक की अर्जी दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 20 अगस्त को जेनिफर लोपेज ने एलए काउंटी सुपीरियर कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दाखिल की है। दोनों के आधिकारिक तौर पर अलग होने की तारीख 26 अप्रैल बताई गई है।



# जब ट्विंकल खन्ना को ज्योतिषी ने दी नाम बदलने की सलाह

ट्विंकल खन्ना को उनकी ज्योतिषी ने जब नाम का पहला अक्षर बदलकर के से नाम रखने की सलाह दी, तो उन्होंने अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हारने को लेकर कमला हैरिक के बारे में कुछ सवाल कर लिए। ट्विंकल खन्ना ने ट्रंप को लेकर भी कुछ बातें कही हैं। अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर अपनी राय साझा की है। ट्विंकल खन्ना ने कहा कि ट्रंप और भारत के 140 करोड़ देशवासियों के बीच कुछ तो है जो समान है। अभिनेत्री ने कहा कि हम सभी अंधविश्वास पर विश्वास करते हैं। हाल ही में आए एक वीडियो में ट्रंप ने भी स्वीकार किया कि वे भी अंधविश्वासी हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें भी ज्योतिषी ने नाम बदलने की सलाह दी थी। उनके लेख में बताया कि उनकी पारिवारिक ज्योतिषी ने उन्हें अपने नाम के पहले अक्षर को टी के बजाय के से रखने की सलाह दी। जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। इस पर ज्योतिषी ने उन्हें बताया कि हाल ही में उनकी इस सलाह को दो प्रोड्यूसर ने माना और उनकी फिल्में सुपरहिट हो गई। इस पर ट्विंकल खन्ना ने सवाल किया कि कमला हैरिस का नाम भी के से शुरू होता है, लेकिन वे तो चुनाव हार गईं। इस पर ज्योतिषी ने जवाब दिया कि वे नजर की शिकार हैं, उन्हें काला धागा बांधना चाहिए था, हमारे सभी राजनेता इस बात का ध्यान रखते हैं। हालांकि, इस बात को मुझे स्वीकार करना पड़ा। हमारे राजनेता काले धागे के साथ-साथ अपनी कलाइयों पर कई सारे रंगीन धागे लपेटे रहते हैं। ट्विंकल खन्ना ने कहा कि व्यापार और ज्योतिष को जानने वालों ने कमला हैरिस की जीत की भविष्यवाणी की थी।



# नयनतारा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री को फैंस के लिए उपहार बताया

## नागार्जुन संग रिश्ते को दिखाया जाएगा

जल्द ही नेटफ्लिक्स पर नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरीटेल नाम की डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर होने वाला है। यह साउथ की अभिनेत्री नयनतारा के जीवन से जुड़ी है। हालिया रिलीज डॉक्यूमेंट्री ट्रेलर में उनके और अभिनेता नागार्जुन के पुराने रिश्तों की झलक भी नजर आई। नयनतारा ने दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपने अभिनय के जरिए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। अब वह अपनी डॉक्यूमेंट्री लेकर भी आ रही हैं।

यह डॉक्यूमेंट्री 18 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर दिखाई जाएगी। इसमें नयनतारा के जीवन के कई पहलुओं को दिखाया जाएगा, उनके पुराने रिश्ते भी इसमें शामिल होंगे। अभी जो ट्रेलर आया है, उसमें नजर आ रहा है कि नयनतारा और नागार्जुन के बीच जो रिश्ते रहे, वे कैसे थे? उनके पुराने रिश्ते की झलक इसमें नजर आई है। नयनतारा की इस डॉक्यूमेंट्री में उनके सफल फिल्मी करियर के बारे में विस्तार से दिखाया जाएगा।

उनके साथ काम करने वाले लोग नयनतारा के बारे में क्या सोचते हैं, इस पर उन लोगों के विचार भी दिखाए जाएंगे। सिर्फ फिल्मों और परिवार के बारे में ही नयनतारा की इस डॉक्यूमेंट्री में बात नहीं होगी। उनके और नागार्जुन के रिश्ते पर भी बात की जाएगी। साथ ही एक अभिनेत्री के रूप में किस तरह से नयनतारा ने संघर्ष किया, यह भी डॉक्यूमेंट्री में साझा किया जाएगा। अपनी डॉक्यूमेंट्री के बारे में नयनतारा कहती हैं, यह डॉक्यूमेंट्री फैंस के लिए मेरी तरफ से एक उपहार है। मैं उन्हें अपनी दुनिया से परिचित कराना चाहती हूं।



# मेहंदी से बाल हो गए हैं ड्राई तो आप भी ट्राई कर सकती हैं ये होममेड हेयर मास्क

**आमतौर पर लोग सफेद बालों को कलर करने के लिए मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। मेहंदी के इस्तेमाल से बालों को अच्छा कलर तो मिल जाता है और कुछ दिनों के लिए बालों के सफेद दिखने की समस्या भी कम हो जाती है। लेकिन कई बार मेहंदी लगाने के बाद बाल ड्राई होने लगते हैं और ड्राई बाल मुख्य रूप से हेयर फॉल का कारण भी बनते हैं। अक्सर मेहंदी अप्लाई करते समय हम कुछ गलतियां करते हैं जिसकी वजह से बाल ज्यादा ड्राई हो जाते हैं। जैसे मेहंदी से पहले बालों में तेल न लगाना और रूखे बालों में ही मेहंदी लगाना।**

जब हम रूखे बालों में ही मेहंदी का इस्तेमाल करने लगते हैं तो मेहंदी लगाने के बाद बाल और ज्यादा रूखे और बेजान हो जाते हैं। अगर आपके बाल भी मेहंदी के बाद ज्यादा ड्राई हो जाते हैं तो आप इनकी ड्राइनेस कम करने के लिए बालों में कुछ होममेड हेयर मास्क अप्लाई कर सकती हैं। ये हेयर मास्क वैसे तो पूरे तरह से प्राकृतिक हैं और इनका बालों में कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है लेकिन बालों में ये हेयर मास्क अप्लाई करने से पहले आप विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें क्योंकि सभी के बालों का प्रकार अलग होता है और किसी भी सामग्री का असर आपके बालों पर अलग तरीके से हो सकता है।

## बालों में मेहंदी लगाने के बाद इन बातों का रखें ध्यान

यदि आप बालों में मेहंदी अप्लाई करती हैं तो आपको सबसे ज्यादा ध्यान में रखने वाली बात ये है कि मेहंदी लगाने से पहले किसी भी ऑयल जैसे जैतून या नारियल के तेल का इस्तेमाल करें। मेहंदी बालों से हटाने के तुरंत बाद शैम्पू न करें बल्कि कम से कम 12 घंटे बाद ही बालों को शैम्पू करें। शैम्पू के बाद आप कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें, क्योंकि मेहंदी बालों को ड्राई कर सकती है।

## बालों में मेहंदी के बाद होममेड हेयर मास्क क्यों जरूरी है

यदि आप मेहंदी से ड्राई हो चुके बालों में होममेड हेयर मास्क अप्लाई करती हैं तो ये 20 मिनट से भी कम समय में आपके बालों को ढेर सारे लाभ प्रदान करने में मदद करता है। हेयर मास्क आपके बालों को मुलायम और हाइड्रेटिंग बनाने के साथ बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने, बालों में चमक जोड़ने और यहां तक कि बालों के झड़ने को कम करने में भी मदद करते हैं। आइए जानें मेहंदी का बालों में इस्तेमाल करने के बाद आप कौन से हेयर मास्क का इस्तेमाल अपने बालों में कर सकते हैं।



### ब्राउन शुगर और ऑलिव ऑयल हेयर मास्क

ब्राउन शुगर बालों के लिए एक बेहतरीन एक्सफोलिएंट है जो आपके स्कैल्प से उन मृत त्वचा कोशिकाओं और किसी भी बचे हुए अवशेष के निर्माण से छुटकारा पाने में मदद करता है। वहीं जैतून का तेल हमेशा सूखे बालों के इलाज के लिए प्राकृतिक कंडीशनर के रूप में उपयोग किया जाता है। यह बालों को नमी प्रदान करके बालों की ड्राइनेस को कम करने में मदद करता है।

#### आवश्यक सामग्री

शुगर - 2 बड़े चम्मच
जैतून का तेल- 1 बड़ा चम्मच

#### हेयर मास्क बनाने और इस्तेमाल का तरीका

- एक बाउल में चीनी और तेल को एक साथ मिलाकर हेयर मास्क तैयार करें।
- इस हेयर मास्क को अपने बालों में ऊपर से नीचे तक लगाएं।
- हेयर मास्क को अपने बालों पर 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें।
- बालों को शॉवर कैप से ढककर रखें।
- 15 -20 मिनट के बाद बालों को अच्छी तरह से शैम्पू करें और शैम्पू के बाद बालों में कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें।

### नारियल तेल का हेयर मास्क

नारियल तेल बालों की ड्राईनेस को कम करने में मदद करता है और मेहंदी से ड्राई हो चुके बालों को भी शाइन प्रदान करने में मदद करता है।

#### आवश्यक सामग्री

शहद - 1 बड़ा चम्मच
नारियल तेल - 1 बड़ा चम्मच

#### बनाने और इस्तेमाल का तरीका

- एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच नारियल का तेल और 1 बड़ा चम्मच शहद डालकर आपस में अच्छी तरह से मिलाएं।
- मिश्रण को एक बर्तन में निकाल लें और इसे गर्म करें ताकि शहद और नारियल का तेल एक दूसरे में अच्छी तरह से मिक्स हो जाए।
- मिश्रण को वापस बाउल में डालें और ठंडा होने दें। फिर, अपने बालों पर ऊपर से नीचे तक मास्क लगाएं और अपने पूरे बालों पर पूरी तरह से अप्लाई करें। यदि आपकी जड़ें आमतौर पर काफी ऑयली हैं, तो केवल मध्य लंबाई से नीचे तक मास्क लगाएं।
- बची हुई नमी को बनाए रखने के लिए शॉवर कैप लगाएं।
- 20 मिनट के बाद अपने बालों को गर्म पानी से धो लें और हमेशा की तरह शैम्पू और कंडीशनर करें।
- अगर आपके बाल मेहंदी लगाने के बाद रूखे हो गए हैं तो आपको बालों की ज्यादा देखभाल करने की जरूरत है। इसके लिए यहां बताए हेयर मास्क अप्लाई करें। लेकिन इन मास्क का इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।



# वेडिंग गिफ्ट जा रही हैं खरीदने तो इन जरूरी बातों को रखें खास ख्याल

शादियों का सीजन शुरू हो गया है, ऐसे में सिर्फ कपड़े-गहने ही नहीं बल्कि गिफ्ट की भी खरीदारी शुरू हो जाती हैं। खासकर अगर शादी घर के किसी सदस्य की हो तो इस बात को सोचना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है कि आखिर गिफ्ट में दूल्हा और दुल्हन को क्या दिया जाए? बता दें कि इंडियन वेडिंग में महंगे तोहफे देने का रिवाज काफी पुराना है, लेकिन अब समय काफी बदल गया है, ऐसे में बजट के साथ-साथ जरूरत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।
वहीं कुछ लोग वेडिंग गिफ्ट खरीदारी में समय अधिक चला जाता है। दरअसल, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि लोग गिफ्ट को लेकर काफी कंफ्यूजन रहते हैं, ऐसे में हम पहले डिसाइड कर लें, तो पैसे और समय दोनों को बचाया जा सकता है। इसलिए वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी करते वक्त कुछ बातों का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

## वेडिंग गिफ्ट सेलेक्शन

वेडिंग गिफ्ट में क्या दें, यह सबसे बड़ा सवाल होता है। आप इसे बारे में दूल्हा या फिर दुल्हन से सवाल भी नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा दूसरों से पूछने पर वो अलग से आपको आइडिया दे सकते हैं। इस तरह कंफ्यूजन काफी बढ़ जाता है, इसलिए बेहतर है कि आप खुद तय करें कि शादी के बाद दूल्हा और दुल्हन को किन चीजों को जरूरत अधिक पड़ती है। उसे ध्यान में रखते हुए गिफ्ट की खरीदारी करें। इसके अलावा गिफ्ट इस उम्मीद से ना दें, आपको वापस मिल सकता है। गिफ्ट अच्छा और जरूरत को ध्यान में रखकर दें।

## कैश रजिस्टरी का ऑप्शन चुने

वेडिंग गिफ्ट के तौर पर कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी से पहले आप चाहें तो कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। दरअसल, आज कल डेस्टिनेशन का ट्रेंड चल पड़ा है। ऐसे में साथ में गिफ्ट ले जाना काफी ओल्ड फैशन हो सकता है। आप चाहें तो कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। कैश रजिस्ट्री कराने से न्यूली मैरिड कपल अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार चीजें खरीद सकती हैं। वहीं कपल भी चाहें तो इस कैश को आने वाले समय के लिए सेव भी कर सकते हैं।

## खरीदारी से पहले बजट सेट करें

वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी से पहले बजट तय कर लें। दरअसल, कई बार मार्केट में खरीदने कुछ जाते हैं और खरीदकर कुछ लाते हैं। मार्केट में चीजें की तरह-तरह होती हैं, जिसे लेकर कंफ्यूजन काफी होता है। अगर आप बजट सेट करने से आप कंफ्यूज नहीं होंगे और उतनी ही कीमत में आप गिफ्ट खरीदकर लाएंगे। इस तरह आप फिजूलखर्ची से भी बच सकती हैं।

## ऑफलाइन और ऑनलाइन चेक करें

कई बार हम वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी आखिरी समय में करते हैं, ऐसे में आप चाहे तो ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों का ऑप्शन चुन सकती हैं। दरअसल, घर की शादी में काफी तैयारी करनी पड़ती है।



ऑफलाइन खरीदारी में काफी समय चला जाता है, ऐसे में आप समय को बचाना चाहती हैं तो ऑनलाइन खरीद सकती हैं। वहीं अगर आप ने तय कर लिया कि आपको दूल्हा और दुल्हन को गिफ्ट में क्या देने वाली हैं तो उसे ऑनलाइन पहले चेक कर लें। इसके बाद समय है तो ऑफलाइन खरीदारी कर सकती हैं।

## क्वालिटी जरूर करें चेक

अक्सर ऐसा देखा होगा कि लोग शादी के गिफ्ट के तौर पर एक नहीं कई चीजें देते हैं। हालांकि, जब बाद में उसे चेक करें तो कई चीजें खराब या फिर इस्तेमाल के योग्य नहीं होती। इससे छवि खराब होती है, इसलिए एक साथ कई सारी चीजें तोहफे में देने के बजाय एक ही चीज सेलेक्ट और उसे गिफ्ट करें। कोशिश करें कि खरीदारी करते वक्त वेडिंग गिफ्ट को अच्छी तरह चेक कर लें। उसकी क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए।



**शादियों का सीजन चल रहा है और जिनकी शादी होने वाली है, उन्होंने अभी से इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। शादी की तैयारियां केवल शॉपिंग पर खत्म नहीं होती हैं, बल्कि जल्द न्यूली वेड कपल बनने की तैयारी कर रहे जोड़े अपने रूम को सजाने और संवारने के बारे में भी बातें करते हैं।**

# ऐसा होना चाहिए न्यूली वेड कपल का बेडरूम

दुल्हन का आगमन हजारों खुशियां लेकर आता है। हिंदू धर्म में तो दुल्हन को देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। ऐसे में देवी लक्ष्मी का गृह प्रवेश परिवार में सुख और समृद्धि लेकर आए, इसके लिए घर में जुड़ने वाली नई सदस्या का खुश रहना बहुत जरूरी है। किसी को भी सबसे ज्यादा सुकून उसके अपने कमरे में मिलता है, इसलिए न्यूली वेड कपल का कमरा सेट करते वक्त कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा कैसा होना चाहिए, इस परएस्ट्रोलॉजर एवं वास्तु एक्सपर्ट कहती हैं, 'न्यूली वेड कपल के कमरे की दिशा, रंग और उसमें रखे सामान का वास्तु के हिसाब से होना बहुत जरूरी है। इससे उनका रिश्ता बेहतर बनता है और परिवार के लिए भी सब कुछ शुभ होता है।'

## बेडरूम की दिशा

वास्तु एक साइंस है और 'वे ऑफ आर्किटेक्चर' है। इसमें दिशाओं का विशेष महत्व होता है।' इसलिए वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा साउथ-ईस्ट दिशा में होना चाहिए और घर की सबसे ऊपर वाली मंजिल में होना चाहिए। हालांकि, कई बार वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा सही दिशा में नहीं होता है। ऐसे में वास्तु दोष को दूर करने के लिए कमरे में बेड की सेटिंग इस तरह होनी चाहिए कि दुल्हन का सिर साउथ में और पैर नॉर्थ में हो। इस दौरान ध्यान रखें कि पैर एकदम दरवाजे के सामने नहीं होने चाहिए। अगर इस दिशा में सोने की व्यवस्था नहीं हो पा रही हैं तो ईस्ट की ओर सिर किया जा सकता है। लेकिन जब भी आपको कंसीव करना हो तो अपने सोने की जगह को बदल लें।

## बेड कैसा होना चाहिए

सोशल डेकोरेशन को भूल कर आपको लकड़ी का ही बेड अपने लिए चुनना चाहिए।' मेटल में कोल्ड एनर्जी होती होती है और वुड में वॉर्म एनर्जी होती है। न्यूली वेड कपल्स को वॉर्म एनर्जी की जरूरत होती है।' इसके साथ ही, इस बात का ध्यान रखें कि बेड में अगर बॉक्स भी है तो उसमें कोई भी कबाड़ न रखें और न ही कोई धारदार चीज रखें। यहां तक की बेड पर पड़ा गद्दा भी सिंगल होना चाहिए।

## कैसा होना चाहिए कमरे में शीशा

शीशा आपका प्रतिबिंब बनाता है। किसी भी चीज को डबल करना और एनर्जी को फैलाना शीशे की प्रॉपर्टी होती है। इसलिए शीशे का सही दिशा में होना जरूरी है। सोते वक्त शीशे में आप नजर न आएं इसके लिए हमेशा शीशा बेड के बगल में होना चाहिए।

## कमरे का डेकोरेशन कैसा होना चाहिए

कमरे के डेकोरेशन में सबसे ज्यादा लोग फोटो फ्रेम्स का इस्तेमाल करते हैं। न्यूली वेड कपल्स को भी अपने कमरे में हमेशा ऐसी तस्वीरें लगानी चाहिए, जो उन्हें खुशी दें। भगवान की तस्वीर कभी न लगाएं, सोलो व्यक्ति की तस्वीर न लगाएं और जंगली जानवरों की तस्वीरें भी न लगाएं। कपल अपनी भी तस्वीर लगा सकते हैं।

## कमरे का रंग कैसा होना चाहिए

अपना फेवरेट कलर ही कमरे की दीवारों पर कराएं। हो सके तो कमरे में कहीं न कहीं लाल रंग का इस्तेमाल जरूर करें। क्योंकि यह रंग एनर्जी को बढ़ाता है और कपल के बीच के प्रेम संबंधों को मधुर बनाता है। ज्यादा लाल रंग न इस्तेमाल करें क्योंकि इससे कंसीव करने में दिक्कत आती है और लड़ाई झगड़े भी होते हैं।



# घर पर बनाएं मूंग दाल डोसा

**साउथ इंडियन खाने का अपना अलग ही मजा है। स्वादिष्ट होने के साथ-साथ दक्षिण भारतीय व्यंजन हेल्दी भी हो सकते हैं, क्योंकि उनमें तेल की मात्रा कम से कम होती है। इडली, डोसा, सांभर, रसम, वड़ा, अप्पम, लेमन राइस जैसे अन्य कई व्यंजनों को देखकर आपके मुंह भी पानी आता होगा? दूसरी सबसे अच्छी बात यह है कि आप इनका आनंद सुबह नाश्ते, ब्रंच, लंच, स्नैक्स और डिनर में भी ले सकते हैं।**

आज हर शहर में आप साउथ इंडियन फूड का आनंद ले सकते हैं। इतना ही नहीं, घर पर भी इन्हें बनाया जा सकता है। अब बात करें डोसा की, तो आज हम आपके लिए डोसा की रेसिपी लेकर आए हैं, लेकिन यह आम डोसा नहीं, बल्कि मूंग दाल से बनने वाला डोसा है। इसे आप केवल दो मिनट में बना भी सकते हैं।

## बनाने का तरीका

- मूंग दाल का डोसा बनाने के लिए पहले जरूरी सामग्री को इकट्ठा कर लें। मूंग दाल को कुछ देर पहले भीगोकर रखें। उसके बाद एक मिक्सी में भीगी हुई मूंग दाल, थोड़ा-सा पानी, अदरक और हरी मिर्च डालकर ग्राइंड कर लें।
- जब बैटर तैयार हो जाए तो उसे एक भगोने में निकाल कर रख लें। अब तैयार बैटर में स्वादानुसार नमक और दो चम्मच चावल का आटा डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें।
- अब एक तवा गर्म करें और उस पर यह बैटर फैला लें। थोड़ी देर सेकने के बाद बैटर के ऊपर हल्का-सा तेल डालें और फिर आलू का मसाला डालने की बजाय उसमें बारीक कटा प्याज, टमाटर और धनिया डालें।
- इसे कुछ सेकंड सेकने के बाद डोसा फोल्ड करें और एक प्लेट पर निकाल लें। स्वादिष्ट टमाटर और नारियल की चटनी के साथ मूंग दाल के इस डोसे को सर्व करें।
- घर पर मूंग दाल का डोसा बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने में आपको केवल दो मिनट लगेंगे। आइए जानें इसकी आसान रेसिपी

## सामग्री

1 कप मूंग दाल
1 इंच अदरक
2 चम्मच चावल का आटा,
1 हरी मिर्च
आधा कप पानी,
स्वादानुसार नमक
1 बारीक कटा प्याज
1 बारीक कटा टमाटर
1 बड़ा चम्मच बारीक कटा हुआ धनिया

## विधि

- भीगी हुई मूंग दाल को एक मिक्सी में डालें और उसमें अदरक और हरी मिर्च डालकर ग्राइंड करें।
- बैटर को एक भगोने में निकालें और उसमें चावल का आटा और नमक डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें।
- अब एक तवा गर्म करें और उसमें तैयार बैटर फैलाएं। ऊपर से हल्का-सा तेल डालें और कुछ देर सेक लें।
- अब इसमें बारीक कटा हुआ प्याज, टमाटर और धनिया डालें। डोसा को फोल्ड कर एक प्लेट में निकालें और चटनी के साथ सर्व करें।



# सिर्फ सेहत ही नहीं, घर चमकाने के काम भी आता है जैतून का तेल

जैतून तेल का इस्तेमाल सेहत और ब्यूटी से जुड़ी परेशानियों को दूर करने के लिए किया जाता है। मगर क्या आप जानते हैं कि यह घर की सफाई में भी मददगार है। जी हां, जैतून के तेल से आप घर की साफ-सफाई भी कर सकते हैं। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि किस तरह जैतून के तेल का इस्तेमाल आपके घर की छोटी-छोटी प्रॉब्लम को दूर करता है।

## लकड़ी के फर्श को करें साफ

1 चम्मच ऑलिव ऑयल और 1/2 चम्मच व्हाइट विनेगर को मिक्स करके उसे अपनी घर की फर्श को साफ करें। यह आपके फर्श को नए जैसा चमका देगा और इससे फर्श के दाग-धब्बे भी आसानी से साफ हो जाएंगे।

## पुराने फर्नीचर को रखें नए जैसा

लकड़ी के फर्नीचर की अलग सही तरीके से देखभाल न की जाए तो वह खराब होने लगते हैं। ऐसे में आप कपड़े पर हल्का-सा जैतून का तेल लगाकर लकड़ी के फर्नीचर को साफ करें। उसके बाद सूखे कपड़े के फर्नीचर साफ करें। इससे आपका पुरानी वुडन फर्नीचर भी नया लगेगा।

## बर्तनों को चमकाएं

रसोई में खाना बनाते हुए कई बार बर्तन जल जाते हैं। ऐसे में सबसे पहले उसपर व्हाइट विनेगर और बेकिंग सोडा डालकर बर्तन को साफ करें। फिर उसपर जैतून का तेल और नमक डालकर स्क्रब की मदद से साफ करें। इससे आपका बर्तन बिल्कुल साफ हो जाएगा।

## जूट फर्नीचर की सफाई

जूट के फर्नीचर में गंदगी आसानी से नहीं निकलती और उसकी शाइन खोने लगती है। वैक्यून क्लीनर से सफाई करने के बावजूद भी वह अच्छी तरह साफ नहीं होते। ऐसे में आप कपड़े पर जैतून का तेल लगाकर फर्नीचर की सफाई करें। इससे उसकी धूल-मिट्टी भी आसानी से निकल जाएगा और नया भी लगने लगेगा।

स्वामी मुद्रक, प्रकाशक सम्पादक कृष्णा टेकड़ीवाल द्वारा डिजिटल अखबार कंकड़बाग पटना से प्रकाशित। समाचार पत्र में किसी भी समाचार व लेख-आलेख पर सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है।
किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पटना ही रहेगा। मोबाइल- 9801716267